**गतिविधि 11.** *अभिभावकों के लिए– नीचे दिए गए मजेदार वाक्यों को पढ़कर बच्चों को सुनाएं और इससे बच्चों को जल्दी–जल्दी कई बार बोलने को कहें। आप भी बोलकर सुनाएं। दी गई पहेलियों को पढ़कर सुनाएं और इसका जवाब बच्चे को सोचने और बताने के लिए कहें।*

| मजेदार वाक्य | पहेलियां |
|---|---|
| (क)हरी रेल लाल रेल लाल रेल हरी रेल। | (क) एक नारी ने अचरज किया, सांप मार ताल में दिया, ज्यों ज्यों सांप ताल को खाए, सूखे ताल सांप मर जाए। |
| (ख)दूध तचतै तचत तचैगो। | (ख) हरी थी मन भरी थी, लाख मोती जड़ी थी, राजा जी के बाग में दोशाला ओढ़े खड़ी थी। |

**पहेलियों के उत्तर – दियाबाती, मक्का**

**गतिविधि 12.** *मीठा खाने के बाद बच्चे बहुत खुश हो जाते हैं। चलो खुश होने पर 'शब्दखेल' खेलते हैं। इस खेल को अभिभावक अपने बच्चों के साथ गोटी की मदद से खेलेंगे। नीचे ग्रिड में कुछ शब्द दिए गए हैं। गोटी को इस ग्रिड के ऊपर फैंकेगे। जिस शब्द में गोटी गिरेगी। वही क्रिया बच्चे व अभिभावक को करनी है। जैसे गोटी कूदना वाले खाने में गिरी तो आपको कूदना है।*

वर्कशीट निर्माणकर्ता –
रेनू प्रभाराणा (स.अ)
एकीकृतरा .प्रा. वि. पहेनिया
रमेश तिवारी (स.अ)
ब्लाक– खटीमा ऊधम सिंह नगर
श्रीमति दीक्षा मैम, श्रीमति गीता मैम,
श्रीमति मनीषा मैम, श्रीमति ममता मैम,
ब्लॉक– हल्द्वानी, नैनीताल

तकनीकी सहयोग
–रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट

शिक्षा का अधिकार
समग्र शिक्षा
सबको शिक्षा, अच्छी शिक्षा

Room to Read

# कक्षा– 2, वर्क शीट–10 (साप्ताहिक)

## पाठ–10 (मिठी सारंगी)

| | |
|---|---|
| बच्चे का नाम......................... | स्कूल........................................ |
| अभिभावक का नाम.................. | मोबाइल नम्बर............................ |

*अभिभावकों के लिए– हम आशा करते हैं कि आप या घर का कोई भी सदस्य इस वर्क शीट के कार्य को पूरा करने में बच्चे की मदद करेंगे।*

**गतिविधि 1.** *अभिभावकों के लिए – नीचे दिए गए चित्र पर बच्चों से बातचीत करें जैसे– चित्र में आप को क्या–क्या दिखाई दे रहा है? बीच में बैठा आदमी क्या कर रहा है? सब लोग आस पास क्यों खड़े हैं? पास में खड़ा लड़का क्या सोच रहा है? किन–किन अवसरों पर संगीत बजाया जाता है? इत्यादि।*

**गतिविधि 2.** *नीचे दिए गए सारंगी के चित्र में रंग भरें वह उसके बारे में लिखें।*



**गतिविधि 3.** .नीचे दिए गए शब्दों को पढ़ कर सामने दिए चित्र के नाम से मिलाओ?

| नाम | चित्र |
|---|---|
| सारंगी | |
| ढोलक | |
| बांसुरी | |
| तबला | |

**गतिविधि 4.** नीचे दिए गए रिक्त स्थान में सही वर्ण लगाकर शब्द पूरा करें और पढ़ें।

वी, ड, त, ढो, सा

......लक ......णा ......बला ......रंगी .....फ़ली

**गतिविधि 5.** नीचे दी गई कहानी को पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

## मीठी सारंगी

एक गांव में एक सारंगी वाला आया। वह सारंगी बहुत अच्छी बजाता था। रात में जब उसने सारंगी बजाना शुरू किया। तब गांव के बहुत से लोग इकट्ठे हो गए। सारंगी की मीठी आवाज और सारंगी वाले की बजाने की कला से गांव के लोग दंग रह गए। सब लोग कहने लगे कैसी मीठी सारंगी है। पास में खड़ा भोला यह सब सुन रहा था वह मन ही मन सोच रहा था कि कैसे बेवकूफ लोग हैं। सारंगी को मीठा बता रहे हैं उसने उसे चाटकर देखा। वह तो मीठी ही नहीं थी। वह उसे रात में दूर गांव के बाहर फेंक आया। सुबह जब लोग उठे तो देखा कि सारंगी नहीं है। सब ने पूछा सारंगी कहां है? उसने कहा गांव के बाहर पड़ी है। लोगों ने भोला की बेवकूफी पर सिर पीट लिया।

चर्चा के लिए प्रश्न –

1.सारंगी को भोला गांव के बाहर क्यों फेंक आया?

2.अगर भोला की जगह आप होते तो क्या करते?

3.आप इस कहानी का नाम क्या रखोगे?

**गतिविधि 6.** . नीचे लिखें शब्दों के अर्थ बता कर वाक्य प्रयोग कर के बताएं।

1. सिर पीटना 2. बेवकूफ

**गतिविधि 7.** मिठाई से संबंधित अधूरे शब्दों को पूरा करें।

**गतिविधि 8.** बच्चे नीचे दिए गए शब्दों को मिलाकर पढ़ें और लिखे।

| सा | रं | गी |
|---|---|---|

| सारंगी |
|---|

| चौ | पा | ल |
|---|---|---|

| |
|---|

| मि | ठा | स |
|---|---|---|

| |
|---|

| वी | णा |
|---|---|

| |
|---|

**गतिविधि 9.** नीचे दिए गए ग्रिड में संगीत यंत्रों के नाम छिपे हैं। उनको खोजें और खाली स्थान में लिखें।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सा | रं | गी | वी | णा | री |
| ढो | ल | त | ढ | बा | ख |
| ल | द | ब | फ | जा | ड |
| क | सि | ला | ली | ट | ता |

जैसे– वीणा ........

........... ...........
........... ...........
........... ...........
........... ...........
........... ............

**गतिविधि 10.** अभिभावकों के लिए– अभिभावक अपनी स्थानीय भाषा का लोकगीत या कहानी बच्चों को सुनाएं और लोक गीत या कहानी को बच्चों से अपने शब्दों में सुनाने को कहें।